महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्या-02/2016/105/84-डे0ई0-16-नि0-64/2008,

प्रेषक,

अशोक कुमार मिश्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ::दिनांक 10 फरवरी, 2016

विषय:-वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रदेश के कारागारों में निरूद्ध बन्दियों की भोजन व्यवस्था हेतु खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) की आपूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन को सम्बोधित तथा आपको पृष्ठांकित शासन के पत्र संख्या-26/84-डे0ई0-2016-नि0-64/2008, दिनांक 12-01-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 12-01-2016 के क्रम में कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 के पत्र संख्या-67/22-4-16-48-(37)/2000, दिनांक 27 जनवरी, 2016(छाया प्रति संलग्न) द्वारा महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाऐं, उ0प्र0 लखनऊ को सम्बंधित प्रस्ताव/विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। अत: कृपया प्रश्नगत प्रकरण में कारागार विभाग/महानिरीक्षक, प्रशासन एवं सुधार सेवाऐं, उ0प्र0 लखनऊ से सीधे सम्पर्क स्थापित कर अपेक्षित प्रस्ताव/विवरण अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें, जिससे कि प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक::यथोक्त।

भवदीय

(अशोक कुमार मिश्र)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/